उ0म0शि0अनु0सं0, पटना

बिहार सरकार
उद्योग विभाग

उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना।

राज्य पुरस्कार 2020–21 हेतु आमंत्रण

बिहार सरकार

उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना द्वारा राज्य पुरस्कार एवं राज्य मेधा पुरस्कार प्रदान करने हेतु पटना में 06.04.2021 से 06.05.2021 तक राज्य के परम्परागत हस्तशिल्पों में कार्यरत शिल्पियों के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिभागी शिल्पियों द्वारा निर्मित नमूनों में से 20 उत्कृष्ट नमूनों का चयन राज्य पुरस्कार के लिए एवं 20 का चयन राज्य मेधा पुरस्कार के लिए किया जा सकता है। शिल्पवार प्रतियोगिता आयोजन की तिथि निम्नप्रकार है :–

क्र0	शिल्प का नाम	तिथि
1.	टेराकोटा, पाषाण, काष्ठ कला, सिक्की शिल्प, जूट क्राफ्ट, लाह शिल्प, बेंत–बाँस, सेरामिक, मेटल क्राफ्ट पेपरमैसी एवं चर्म शिल्प।	06.04.2021 से 15.04.2021 तक स्थान – संस्थान परिसर।
2.	मजूषा, एप्लिक/कशीदा, सुजनी शिल्प, ब्लॉक प्रिंटिंग, भोजपुरी कला, क्रोशिया, टिकुली पेंटिंग, एवं अन्यान्य।	17.04.2021 से 26.04.2021 तक स्थान – खादी मॉल, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।
3.	मिथिला (मधुबनी) पेंटिंग।	27.04.2021 से 06.05.2021 तक स्थान – खादी मॉल, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

अतः राज्य पुरस्कार/ राज्य मेधा पुरस्कार हेतु इच्छुक शिल्पी अपना जीवन–वृत्त (बायोडाटा) दो पासपोर्ट साईज फोटो एवं व्यक्तिगत जानकारी विहित प्रपत्र में दिनांक **03.04.2021** तक निदेशक, उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान, पाटलिपुत्रा, पटना–13 के पते पर डाक, अथवा हाथो–हाथ उपलब्ध करा सकते हैं। नमूना निर्माण हेतु सभी आवश्यक सामग्री प्रतिभागी को साथ लेकर आना है। राज्य पुरस्कार हेतु चयनित शिल्पी को 50,000.00 (पचास हजार रूपये), प्रमाण–पत्र, अंग वस्त्र, ताम्रपत्र एवं परिचायिका से, जबकि राज्य मेधा पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिल्पी को 25,000.00 (पच्चीस हजार रूपये) प्रमाण–पत्र, अंगवस्त्र एवं परिचायिका से सम्मानित किया जायेगा। पटना से बाहर के प्रतिभागी शिल्पियों की आवासीय व्यवस्था संस्थान की तरफ से की जायेगी। प्रत्येक प्रतिभागी शिल्पी को 200 रू0 (दो सौ रू0) प्रति दिन की दर से दैनिक भत्ता का भुगतान किया जायेगा।

राज्य पुरस्कार एवं राज्य मेधा पुरस्कार हेतु चयनित नमूना संस्थान के पास रहेगा जबकि अचयनित नमूना संबंधित शिल्पी को वापस कर दिया जायेगा। आवेदन प्रपत्र संस्थान के वेबसाइट **www.umsas.org.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

निदेशक,
उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान,
पटना।

राज्य पुरस्कार

2020–21

आवदेन–प्रपत्र

फोटो

1. आवेदक / आवेदिका का नाम :–
2. पिता / पति का नाम :–
3. जन्म तिथि :–
4. जाति :–
5. पत्राचार का पता :–
6. स्थायी पता :–
7. मोबाईल नं0 :–
8. शैक्षणिक योग्यता :–
9. शिल्प का नाम :–
10. शिल्प का प्रशिक्षण कहॉ से प्राप्त किया है :–
11. शिल्प सीखने का प्रोत्साहन कहॉ से और किस प्रकार प्राप्त हुआ :–
12. यदि पूर्व मे किसी प्रकार का पुरस्कार प्राप्त हुआ हो तो उसका ब्यौरा दें :–
13. शिल्प के संदर्भ में यदि देश/राज्य से बाहर की यात्रा की है तो उसकी जानकारी :–
14. दो प्रति पासपोर्ट साईज फोटो एवं एक पृष्ट की जीवनी संलग्न करें :–
15. बैंक का नाम ....., शाखा का नाम.....
    खाता संख्या ....., IFS कोड .....
16. अन्य जानकारी यदि कुछ हो तो :–

मैं घोषणा करता/ करती हूँ कि उपरोक्त तथ्य मेरी जानकारी में सही है।

आवेदक/आवेदिका का हस्ताक्षर

तिथि :–

नोटः– त्रटिपूर्ण/आधा–अधूरा आवेदन प्रपत्र स्वीकार नहीं होगा।